एक नजर में

डॉ. चतुर्वेदी के सेवानिवृत होने पर निकाला भव्य जुलूस

सीहोर. शहर के जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर बीके चतुर्वेदी के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर शहरवासियों और जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर साथियों के अलावा समस्त कर्मचारियों द्वारा तिलक एवं माल्यार्पण कर शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित अपने विचार व्यक्त किए. इसके पश्चात उन्हें फूलों से सजे वाहन में शहर भ्रमण कराते हुए निवास तक लाया गया. रास्ते में जगह- जगह लोगों ने पुष्पहारों से उनका स्वागत किया. डॉ. चतुर्वेदी ने अपने निजी निवास पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि अस्पताल से सेवानिवृत्त हुआ हूं आप लोगों के मन से नही. मैं हमेशा की तरह मरीजों की सेवा करने के लिए तत्पर रहूंगा. इस मौके पर पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, कमल झंवर, योगेश राठी, प्रेमबंधु शर्मा, राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित थे.

एएसपी ने धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सीहोर. नववर्ष के अवसर पर संभावित श्रद्धालु भीड़ एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एएसपी श्रीमती सुनीता रावत द्वारा कुबरेश्वर धाम एवं गणेश मंदिर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया. उन्होंने मंदिर परिसरों में सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की. अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए. इस अवसर पर थाना प्रभारी मंडी सुनील मेहर एवं यातायात प्रभारी सूबेदार बृजमोहन पांडेय उपस्थित रहे.

श्याम बाबा की कथा के बांट रहे निमंत्रण पत्र

सीहोर. नगर में पहली बार खाटू श्याम भक्ति का भव्य दरबार सजने जा रहा है इस आयोजन में कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे, जिनमें भजन संध्या और श्याम बाबा की कथा का आयोजन भक्तों के लिए यह उत्सव एक दिव्य अनुभव और अविस्मरणीय अवसर साबित होगा. शहर में पहली बार चार दिवसीय श्याम कृपा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन सीहोर सांस्कृतिक द्वारा पलटन एरिया स्थित गणेश मंदिर मैदान में आगामी 8 से 11 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है. आयोजन समिति के प्रेमलता राठौर, सीमा सक्सेना, आशीष गुप्ता, दीपक राठौड़ ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा को निमंत्रण पत्र सौंपा.

भाजपा के नवपदाधिकारियों का सम्मान

आष्टा. भाजपा के नवनियुक्तपदाधिकारियों का स्वागत सम्मान पूर्व जिला अध्यक्ष ललित नागोरी के मुख्य आतिथ्य एवं कृपाल सिंह पटाडा, राय सिंह मेवाड़ा, राधेश्याम दलपति, दीक्षा सोनू गुणवान, कैलाश बगाना,गजराज सिंह मेवाड़ा, अंजलि चौरसिया की अध्यक्षता एव संजीव सोनी पांचम के नेतृत्व में किया गया.इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अतुल शमा, रूपेश राठौर, जिला महामंत्री तारा कटारिया, जिला मंत्री सविता जयसिंह ठाकुर, अनिता, जिला सहकार्यालय मंत्री उमेश शर्मा, गिरिजा कुशवाहा, सह कोषाध्यक्ष शिवम सोनी का स्वागत किया गया. इस मौके पर सतीश सोनानिया, महेंद्र परमार, रवि शर्मा, लखन पाटीदार, बाबू देववाल, जुगलकिशोर मालवीय, सुनील परमार, नरेंद्र ठाकुर, धरम सिंह वर्मा, डॉ महेश मेवाड़ा, प्रवेश शर्मा, दशरथ मेवाड़ा, भागवत मेवाड़ा, मनोहर मालवीय, रोहित वर्मा, सुशील यादव राजेश घेंघट सोनू सोनी जितेन कुशवाह कमलेश विश्वकर्मा,दीपक मारुति, शुभम सोनी, शुभम पांचाल, सुनील सीतोलिया आदि मौजूद रहे.

संकुल प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को वितरित किए स्वेटर

डोबी. संकुल प्राचार्य सचिन भार्गव द्वारा प्राथमिक शाला सरदार नगर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थियों को भीषण ठण्ड को देखते हुए स्वेटर का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम में संस्था सरदार नगर के प्राचार्य महेंद्र व्यास, सिद्ध शाला के शिक्षक हरिराम शर्मा, आरके मधुप, शिक्षक संदीप जोशी, वरिष्ठ अध्यापिका प्रीती जोशी, भूरेलाल शर्मा, लखन लाल राठौड़, राकेश तिवारी, रूपनारायण तिवारी उपस्थित थे.

ट्रक चालक ही निकला लाखों का माल उड़ाने का आरोपी

अपने साथियों के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम, झूठी कहानी बताकर कर रहा था पुलिस व ट्रांसपोर्टर को गुमराह

- कपड़े की गठान और अगरबत्ती के कार्टन ले जा रहा था बिहार
- ढाबे पर ट्रक रोककर बनाई थी साथियों के साथ योजना

आष्टा. पुलिस ने अमानत में खयानत करने के आरोपी ट्रक चालक व उसके साथियों को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया है.

नवभारत न्यूज

सीहोर 31 दिसंबर. गुजरात से बिहार के लिए रवाना हुए कंटेनर चालक ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस ने जब कंटेनर चालक से सख्ती के साथ पूछताछ की तो उसने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया. पुलिस ने आरोपी व उसके साथियों के पास से कपड़े की गठानें व अगरबत्ती के कार्टून बरामद करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

जानकारी के अनुसार गत 24 दिसंबर को गुजरात के सूरत शहर से एक ट्रक कंटेनर क्रमांक डीडी 01 आर 9201 बिहार के लिए रवाना हुआ था. कंटेनर में 188 गठान कपड़ा 21 कार्टन अगरबत्ती के भरे थे. बताया जाता है कि कंटेनर चालक मंगलेश मालवीय ने ट्रांसपोर्ट कंपनी में फोन करके बताया कि आष्टा थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने चलते कंटेनर से माल उतार लिया है. इस मामले में ट्रांसपोर्ट कंपनी के सुपरवाइजर सुनील चौहान ने 29 दिसंबर को थाने में प्रकरण दर्ज कराया. जिसमें उसने बताया कि 25 से 27 दिसंबर के बीच कंटेनर से माल चोरी हुआ है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी. पूछताछ के दौरान आरोपी चालक मंगलेश ने बताया कि 27 दिसंबर को कोठरी के पास उन्होंने कंटेनर से माल चोरी कर उसे दूसरे ट्रक में लोड कराया गया तथा चोरी किया गया माल आष्टा स्थित इन्द्रा कॉलोनी में रहने वाले एक दोस्त के घर छिपाया. पुलिस को भ्रमित करने के उद्देश्य से आरोपी एवं उसके साथियों द्वारा घटना को कंजर गिरोह द्वारा अंजाम दी गई चोरी के रूप में दर्शाने का प्रयास किया गया. पुलिस ने इस मामले में आरोपी ट्रक कंटेनर चालक 27 वर्षीय मंगलेश पिता लाड़सिंह मालवीय निवासी मानाखेड़ी, 32 वर्षीय गुलाब उर्फ भावसिंह पिता मानसिंह मेवाड़ा निवासी उमरपुर, 19 वर्षीय अनिल पिता खुशीलाल खेलवाल निवासी सेंधवखेड़ी, 22 वर्षीय संदीप पिता बाबूलाल मालवीय निवासी ग्राम उमरपुर और सचिन पिता दुर्गाप्रसाद कुशवाह, उम्र 19 वर्ष, निवासी सेंधवखेड़ी थाना आष्टा के अलावा 23 वर्षीय कपील उर्फ कुलदीप पिता हुकुम सिंह पाल निवासी टरोही बागरोद, थाना सिरोंज, जिला विदिशा को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 लाख रुपए कीमत के 30 गठान कपड़ा और 3 कार्टन अगरबत्ती व घटना में प्रयुक्त ट्रक को जब्त कर लिया है. कार्यवाही में एसडीओपी आकाश अमलकर, थाना प्रभारी गिरीश दुबे, प्रधान आरक्षक महेन्द्र मेवाड़ा, आरक्षक शुभम मेवाड़ा, मेहरबान, अमन की भूमिका रही.

बार- बार बयान बदलने पर हुआ पुलिस को शक

पुलिस द्वारा वारदात का ढंग कंजरों की तरह अंजाम देने वाला देखते हुए हर पहलू पर जांच शुरू की. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के अलावा स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया. इस दौरान पुलिस को ट्रक कंटेनर चालक मंगलेश मालवीय पर शक हुआ. वाहन चालक मंगलेश मालवीय से पूछताछ की गई. वह बार-बार अपने कथन बदलता रहा. पुलिस ने सख्ती बरती तो आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने कंपनी से माल लोड कर बिहार के लिए रवाना होने के पश्चात 25 दिसंबर को कंटेनर को दिलीप ढाबा पर खड़ा कर दिया था. इसके पश्चात उसने अपने साथियों गुलाब, सचिन, अनिल, कपिल एवं संदीप के साथ मिलकर कंटेनर में भरे माल को चोरी करने की योजना बनाकर अंजाम दिया.

हीरापुर में बीती रात किराना दुकान से ढाई लाख की चोरी

सीहोर. जिले के शांत माने जाने वाले हीरापुर गांव में मंगलवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब अज्ञात चोरों ने एक किराना दुकान का ताला तोड़कर लगभग ढाई लाख रुपये का सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।.दुकान मालिक रूप सिंह परमार के अनुसार यह दुकान उनके परिवार की जीवनरेखा थी. उनके पिता रामचरण परमार किसान हैं और यह दुकान ही पूरे घर की आमदनी का बड़ा जरिया थी. चोरों ने शटर का ताला तोड़ा, भीतर घुसे और पूरा स्टॉक समेटकर ऐसे गायब हो गए जैसे कभी वहां कुछ था ही नहीं. वर्षों की मेहनत एक ही रात में चोरों की भेंट चढ़ गई. चोरी गए सामान की सूची सुनकर हर कोई हैरान है।.चोर 50 किलो सुपारी, 50 किलो काजू-बादाम, पान मसाला-गुटखे के बोरे, बीड़ी की पेटी, हजारों का खाद्य तेल, करीब 3000 रुपये चिल्लर, और 10 व 20 रुपये के तीन-चार हजार नोट चोरी कर ले गए. दकुल नुकसान लगभग 2 .5 लाख रुपए आंका गया है.

इस वारदात के बाद पूरे हीरापुर और आसपास के इलाकों में भय और आक्रोश का माहौल है. किसान एमएस मेवाड़ा ने बताया कि क्षेत्र में पहले भी भैंस चोरी और बाइक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं. उन्होंने कहा, अब चोर इतने शातिर हो चुके हैं कि उन्हें पकड़ पाना चुनौती बन गया है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो चोरों के हौसले और बुलंद होंगे. कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश की जा रही है. आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं.

जिला कांग्रेस आज करेगी पांच अहम बैठक

नवभारत न्यूज

सीहोर. जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नववर्ष 2026 के पहले ही दिन संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती देने के लिए एक महामंथन का आयोजन किया जा रहा है. प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत अभा कांग्रेस सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त एक जनवरी को पहली बार सीहोर के प्रवास पर रहेंगे. उनके आगमन को लेकर जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है.

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि गुरुवार एक जनवरी को लुनिया चौराहा स्थित यशराज गार्डन में बैठकों का एक सघन सिलसिला चलेगा। लगभग साढ़े चार घंटे के इस मैराथन सत्र में कुल पांच अलग-अलग बैठकें आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3.30 बजे जिला समन्वय समिति की बैठक से होगी। इसके बाद शाम 5.30 बजे से लेकर रात 7.30 बजे तक बुधनी, आष्टा, इछावर और सीहोर विधानसभा की अलग-अलग समीक्षा बैठकें होंगी.

सह प्रभारी संजय दत्त के साथ जिला प्रभारी जयश्री हरिकरण सहित चारों विधानसभाओं के प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर आगामी चुनौतियों के लिए रणनीति तैयार करना है. कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने इस महा बैठक में शामिल होने के लिए जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं से अपील की है.

अहिरवार समाज की बैठक आज

श्यामपुर. नगर स्थित संत रविदास मंदिर में 1 जनवरी को अहिरवार समाज की आवश्यक बैठक का आयोजन किया जा रहा है. दोपहर एक से तीन बजे तक आयोजित होने वाली इस बैठक में समाज के उत्थान और भविष्य की दिशा तय करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश संस्थापक अमन सिंह नरवरिया रहेंगे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार करेंगे. बैठक में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष संगीता गोलियां, प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सूर्यवंशी, प्रदेश सचिव विनोद कुमार बड़ोदिया और संभाग अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार भी उपस्थित होकर समाज को मार्गदर्शित करेंगे.

दस किलो गांजे के साथ आरोपी धराया

- कोतवाली पुलिस ने पकड़ा एक लाख के गांजे का सौदागर
- मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बोरे में रखा गांजा जब्त किया

नवभारत न्यूज

सीहोर 31 दिसंबर. थाना कोतवाली पुलिस ने ग्राम पिपलिया मीरा के समीप एक खेत पर अवैध रूप से रखे मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. जब्त गांजे की कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई जाती है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है. जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पिपलिया मीरा बड़नगर रोड पर चंपालाल के खेत में एक व्यक्ति भारी मात्रा में गांजा रखे है. सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई, जहां एक व्यक्ति अपने खेत पर एक बोरी लिए बैठा मिला. बोरी को चेक किया गया, जिसमें गांजा भरा हुआ था. आरोपी से कुल 10 किलो 610 ग्राम अवैध गांजा जप्त कर गिरफ्तार किया गया. आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध करते हुए अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है.

कलेक्टर ने किया फीड मील का निरीक्षण

- मत्स्य विभाग के अधिकारियों को दिए दिशा- निर्देश
- कृषकों को उचित दर पर बीज उपलब्ध कराने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सीहोर 31 दिसंबर. कलेक्टर बालागुरू के. ने हसनाबाद में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित बायो फ्लॉक पॉन्ड एवं नवनिर्मित फिश फीड मील का निरीक्षण किया.

उन्होंने बायो फ्लॉक तकनीक के माध्यम से किए जा रहे मत्स्य उत्पादन, फीड निर्माण प्रक्रिया, गुणवत्ता मानकों तथा विभागीय व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा बायो फ्लॉक तकनीक आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धति है, जिससे कम जल में अधिक उत्पादन संभव है. यह तकनीक मत्स्य कृषकों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती है. उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मत्स्य कृषकों को उत्तम गुणवत्ता का फिश फीड उचित एवं किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जाए. कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण फीड उपलब्ध होने से मछलियों की वृद्धि बेहतर होगी, उत्पादन लागत कम होगी और किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को बायो फ्लॉक तकनीक के प्रति जागरूक किया जाए तथा प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाए.

हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष बने मीणा

सीहोर. नगर के मनीष कुमार मीणा को हिंदू वाहिनी संघ का सीहोर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया हिन्दू वाहिनी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नेपाल मीणा के अध्यक्षता में मीणा को ये नियुक्ति दी गई है. मनीष कुमार मीणा ने नियुक्ति पर अपने वरिष्ठों का आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा संगठन ने विश्वास जताया है उनके विश्वास पर खरा उतरकर संगठन को सशक्त एवं मजबूती प्रदान करने का प्रयास करेंगे संगठन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सेवा कार्य एवं हिंदू हित के लिए कार्य करेंगे एवं लोगो को जागरूक करेंगे. इस अवसर पर मनीष कुमार मीणा की इस नियुक्ति पर हिंदू सामाजिक संगठन एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है.

देर रात तक श्याम भजनों पर झूमे श्रोता

नवभारत न्यूज

शाहगंज 31 दिसंबर. नगर के जगदीश मंदिर प्रांगण में खाटू श्याम बाबा के नाम से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया. इस दौरान छिंदवाड़ा और नर्मदापुरम से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया. इस अवसर पर यहां श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा.

विशाल भजन संध्या संकीर्तन में छिंदवाड़ा से आई सुप्रसिद्ध भजन गायिका पूजा वर्मा ने मोर छड़ी लहराई रे रसिया ओ सांवरा, तेरी बहुत बड़ी सकलाई रे...जैसे भजनों से भक्तों को भाव-विभोर कर दिया. नर्मदापुरम के गायक गोविंद यादव ने तीन बाण के धारी तीनो बाण चलाओ ना, मुश्किल में है दास तेरा अब जल्दी आओ ना. हारे के सहारे मेरे हारे के सहारे गीत पर भक्तों को थिरकने पर मजबूर कर दिया. देर रात तक चले इस संकीर्तन में भक्त बाबा की भक्ति में लीन होकर नाचते-गाते रहे.

दुर्गादास बस्ती में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन

सीहोर. हिन्दू सम्मेलन का आयोजन दुर्गादास बस्ती गंज में 11 जनवरी रविवार को प्रस्तावित किया गया है. करौली वाली माता मंदिर से सुबह 10 कलश यात्रा प्रारंभ की जाएगी. कलश यात्रा गंज के प्रमुख मार्गों से होकर बड़ी ग्वाल टोली शासकीय हाई स्कूल के वसुधा मैरिज गार्डन पहुंचेगी. हिन्दुसंगम सामाजिक एकता, समरसता, सांस्कृतिक चेतना धार्मिक परम्पराओं को सुदृढ़ बनाने का एवं हिन्दू समाज की सामूहिक शक्ति के प्रकटीकरण के लिए हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है. हिन्दू सम्मेलन को अनेक विद्वान साधू संत और हिन्दू विचारक संबोधित करेंगे. कार्यक्रम के समापन के बाद सामूहिक भोजन प्रसादी का कार्यक्रम का आयोजन होगा.

धार्मिक | देवीधाम सलकनपुर में 14 घंटे होंगे मातारानी के दर्शन, एक लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

जिले के विभिन्न देवस्थलों पर दर्शन कर होगी नववर्ष की अगवानी

नवभारत न्यूज

रेहटी 31 दिसंबर. नए साल का स्वागत जिले में भक्ति, श्रद्धा और आस्था के साथ होने जा रहा है. नववर्ष 2026 के पहले दिन हजारों श्रद्धालु मां विजयासन देवी के चरणों में मत्था टेककर अपने जीवन की नई शुरुआत करेंगे. आधी रात से ही श्रद्धालुओं का सैलाब सलकनपुर धाम की ओर बढ़ने लगता है. हर वर्ष की तरह इस बार भी आस्था का यह केंद्र भक्तों से गुलजार रहेगा.

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस बार देवी के दर्शन का समय विशेष रूप से बढ़ाया गया है. नववर्ष के दिन सुबह 5.30 बजे मंगला आरती होगी और श्रद्धालु लगभग साढ़े 14 घंटे तक दर्शन कर सकेंगे. मंदिर ट्रस्ट के अनुसार सुबह 8 बजे तक विशेष पूजा-अर्चना संपन्न होगी, जिसके बाद दर्शन सुचारू रूप से जारी रहेंगे.

मंदिर को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर 'देवी लोक' का निर्माण किया जा रहा है. लगभग 40 करोड़ की लागत से पहला चरण पूर्ण हो चुका है, जबकि 200 करोड़ रुपए की लागत से दूसरा चरण तेजी से प्रगति पर है. उम्मीद है कि यह कार्य वर्ष 2026 के अंत तक पूर्ण हो जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को और सुविधाएं मिल सकेंगी.

नववर्ष पर संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है. एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा, थाना प्रभारी राजेश कहारे और तहसीलदार युगविजय सिंह ने संयुक्त रूप से मंदिर परिसर, मार्ग और पार्किंग व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर की व्यवस्था, मार्ग व्यवस्था और पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया गया. साथ ही दुकान लगाने वाले व्यापारियों से संवाद कर सामान दुकान से आगे ना बढ़ाने, अग्निशमन यंत्र रखने और ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखने की हिदायत दी । वाहनों को बीच में नहीं रोकने की भी सलाह दी ताकि ट्राफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके. श्रद्धालुओं को सुविधाजनक तरीक़े से दर्शन हो पाए, इसके बेहतर इंतजाम किए गए हैं. सलकनपुर देवीधाम ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय ने बताया कि नववर्ष पर करीब एक लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है. इसे देखते हुए ट्रस्ट, पुलिस और प्रशासन के बीच समन्वय बनाया गया है. सीढ़ियों, रोपवे, पार्किंग और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है ताकि मंदिर आने वाले हर श्रद्धालु को सुरक्षित और सहज दर्शन का अनुभव मिल सके.